~~132~~
129

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ-२२७१३२

संख्या-ई.स./ 4501 /जीएस.
दिनांक 4/8/ २००४

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश ।

सेवा में,

कुलसचिव,
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
इन्स्टीटयूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी परिसर,
सीतापुर रोड,
लखनऊ ।

महोदय,

आपके पत्र संख्या- उ०प्र०प्रा०वि०/कुस०का/२००४/२८६०६-०७ दिनांक २६.६.२००४ के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम २००० की धारा २३(२) के अधीन ग्रेटर नोयडा इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी,ग्रेटर नोयडा को इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इजी०(६० सीट) मैकेनिकल इंजी०(६०) इलेक्ट्रिकल इंजी०(३० सीट) पाठ्यक्रमों में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निम्नलिखित शर्तो के अधीन दिनांक १.७.२००४ से सत्र २००४-०५ हेतु सम्बद्धता की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है :-

१. विश्वविद्यालय द्वारा संस्था से इस आशय की लिखित वचनबद्धता सहित शपथ पत्र प्राप्त किया जायेगा कि वह शिक्षण कार्य आरम्भ करने से पूर्व ए.आई.सी.टी.ई./विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा इंगित समस्त कमियों की पूर्ति सुनिश्चित करेंगे तथा विश्वविद्यालय स्तर से भी कमियों की पूर्ति के सम्बंध में निरीक्षण कराते हुए महामहिम कुलाधिपति कार्यालय को अवगत कराया जायेगा।
२. संस्था अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सम्बद्धता की शर्तो को पूरा करती रहेगी तथा संस्थान संचालन के लिए विश्वविद्यालय की सम्बद्धता के साथ-साथ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का अनुमोदन भी संस्था/पाठ्यक्रम संचालन हेतु वर्षानुवर्ष प्राप्त होता रहें। ए.आई.सी.टी.ई.का संस्था पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनुमोदन प्राप्त न होने की दशा में सम्बद्धता स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
३. संस्था प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या -२०७३/२००३-१६-१-७८/६१ टी.सी.-१ दिनांक २०.६.०३ में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं समय-समय पर इस विषय में निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी।
४. संस्था विश्वविद्यालय की परिनियमावली में उल्लिखित सम्बद्धता से सम्बन्धित परिनियमों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करेगी ।

भवदीय

(राकेश कुमार ओझा)
कुलाधिपति के विशेष सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।
२. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर ।
३. निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, इन्दिरा गांधी खेल परिसर, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नयी दिल्ली
४. निदेशक ग्रेटर नोयडा इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी,ग्रेटर नोयडा

(राकेश कुमार ओझा)
कुलाधिपति के विशेष सचिव